### एक नजर में

## मौसमी बीमारियों का आयुष्मान शिविर संपन्न

**गुना।** जिले में संचालित 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में मंगलवार को मौसमी बीमारियों में आयुष सेवाएं पर केंद्रित आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य मौसमी बीमारियों जैसे कास, प्रतिश्याय, ज्वर आदि रोगों की जांच कर सलाह दी गई। मौसमी रोगों के बचाव हेतु आयुर्वेद में वर्णित उपायों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही इन रोगों मे उपयोगी योग व प्राणायाम कर, उचित आहार विहार अपनाकर, समय पर जांच एवं समय पर औषधि प्रयोग की जानकारी प्रदान की गई। आज आयोजित शिविरों में कुल 715 महिला एवं पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निन्शुल्क औषधि प्रदान की गई।

## स्वदेशी उत्पादों का लगाया स्टॉल

**गुना।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष के बाहर आजीविका मिशन की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा स्वदेशी उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कन्याल ने स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पर आमजन एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे स्वदेशी सामग्री के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें तथा स्थानीय महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता से क्रय कर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को प्रोत्साहित करें।

# वार्ड 25 में विकास कार्यों की गंभीर अनियमितता

## कलेक्टोरेट में जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदक, शिकायतों की सुनवाई की गई

नवभारत न्यूज


**गुना 14 अक्टू. का। शहर के वार्ड क्रमांक 25 में कथित विकास कार्यों की अनियमितताओं को लेकर वार्डवासियों ने कलेक्टर, गुना को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिका में 17.50 लाख रुपये का बिल प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बताया गया था कि रोड डल चुकी है, स्ट्रीट लाइट लगी हैं, नालियों का निर्माण हो चुका है और अन्य विकास कार्य किए गए हैं।**



हालांकि, वार्डवासियों का कहना है कि वास्तविकता बिल में दिखाए गए विवरण के विपरीत है। वार्ड क्रमांक 25 में न तो सडकें डली हैं, न नालियां बनी हैं और न ही स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। बरसात के मौसम में नागरिकों को घरों से बाहर निकलने में भी कठिनाई होती है। वहीं, स्थानीय लोगों ने स्वयं चंदा इकट्ठा कर मुरम डलवाया, खंदे लगवाए और छोटी-छोटी पुलियों का निर्माण कराया। वार्डवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि वे स्वयं वार्ड क्रमांक 25 का निरीक्षण कर यह स्पष्ट करें कि नगर पालिका द्वारा जारी 17.50 लाख रुपये का भुगतान किस कार्य पर किया गया और असल में विकास कार्य कहां तक हुए। ज्ञापन पर मुकेश साहू, रमेश, ओकिशन शिवहर, गफ्फार खर्खा, कमल आई और अन्य वार्डवासियों के हस्ताक्षर हैं। निवेदन में कहा गया है कि नगर पालिका के बिल और वास्तविक स्थिति में भयंकर अंतर है, जिससे नागरिकों में नाराजगी है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे विकास कार्यों में अनियमितताओं को सार्वजनिक रूप से उजागर करने के लिए मजबूर होंगे।

### पीने के पानी की गंभीर समस्या, कलेक्टर से की मांग

इधर जिले के बमोरी तहसील के ग्राम ढिमरपुरा जौहरी मोहल्ला में पीने के पानी की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय सहरिया जाति के 30-40 परिवारों ने जिला कलेक्टर, गुना को आवेदन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामवासियों का कहना है कि वे पिछले करीब 20 वर्षों से इसी मोहल्ले में निवास कर रहे हैं, लेकिन पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। इसके कारण गरीब परिवार रोजाना 10 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। बारिस के मौसम में यहां के लोग नदी और झिरिया के दूषित पानी पर निर्भर हो जाते हैं, जिससे कई परिवार गंभीर बीमारियों का सामना कर चुके हैं। इसके अलावा, पशु-पक्षी भी पानी की कमी से प्यासे मर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने पूर्व में कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मौके पर ग्रामीण राजन, भूरा, रोमन, हजारीलाल, बाबूलाल, राकेश, कैलाश और अन्य ग्रामवासियों ने कलेक्टर से मांग की कि वे शीघ्र ही ढिमरपुरा जौहरी मोहल्ला में पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें।



## जमीन विवाद, जनसुनवाई में आवेदक ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की

जिले के कुंभराज निवासी गणेशीबाई पत्नी श्रीराम कुशवाह ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत देकर बताया कि उनकी और उनके पति श्रीराम कुशवाह की स्वामित्व वाली भूमि क्रमांक 346, 2.602 हेक्टेयर पर कुछ व्यक्तियों ने जबरन कब्जा कर लिया है। आवेदक के अनुसार रामगोपाल रामबाबू, जगदीश रामदयाल, ममता और मनोहर उर्फ मोहरलाल कुशवाह ने बलपूर्वक जमीन पर कब्जा किया और विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आवेदक ने बताया कि उनके पति श्रीराम ने इस मामले में न्यायालय में दावा भी किया था, जिसमें उन्हें जीत प्राप्त हुई, लेकिन अवैध कब्जाधारक अब भी भूमि छोडने को तैयार नहीं हैं। इसके कारण आवेदक और परिवार के सदस्य लगातार डर और मानसिक पीड़ा का सामना कर रहे हैं। जनसुनवाई में आवेदक ने कलेक्टर से निवेदन किया कि वे इस मामले को शीघ्र संज्ञान में लेकर अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## सारी भाजपा राघौगढ़ गिरवी है, उपाध्यक्ष की पोस्ट ने बढ़ाई राजनीतिक बेचैनी



Heerendra Singh
11h
राघौगढ़ को तो अभयदान de देना चाहिए. क्योंकि की सारीBJP वहीं गिरबी रखी है. ओर सब ओर सारे संघटन को pata है फ़िर भी चुप हैं. ये सब क्या है. सारे नियम कायदे सिर्फ हम पे ही हैं क्या
Raju Rai + 117 — 49 comments 16 shares
Like Comment Share

Heerendra Singh
11h
मुझे मारना या मुझ पे हमला कराना नामूमकीन है. दिल दिमाग़ से निकाल दो. वंश ही मिटा दूंगा. याद रहे. ओर जिनकी दम पे कूद रहे हो वो भी सुनले ओर समझ लें.
Mamta Meena + 177 — 94 comments 24 shares
Like Comment Share

नवभारत न्यूज

**गुना। भाजपा जिला इकाई में चल रही अंदरूनी असंतोष की आग अब सोशल मीडिया पर खुलकर सामने आ गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह 'बंटी बना' ने सोमवार रात को सोशल मीडिया पर दो विवादित पोस्ट साझा कीं, जिनमें उन्होंने अपनी ही पार्टी पर तीखे सवाल खड़े किए और धमकी भरे अंदाज में चेतावनी दी। पहली पोस्ट में हीरेंद्र ने लिखा कि राघौगढ़ में पूरी भाजपा गिरवी रखी हुई है और सब कुछ जानने के बावजूद संगठन चुप है। उन्होंने अन्य नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए लिखा कि क्या सभी नियम केवल उनके ऊपर ही लागू होते हैं।**

कुछ देर बाद उन्होंने दूसरी पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए कहा, मुझे मारना या मुझ पर हमला करना नामुमकिन है, वंश ही मिटा दूंगा। जिनकी दम पर कूद रहे हो, वे भी सुन लें और समझ लें। इन पोस्टों से स्पष्ट है कि उन्होंने न केवल पार्टी के अंदरूनी असंतोष व्यक्त किया बल्कि संभावित हमलों और दबाव की आशंका के प्रति भी चेतावनी दी। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि हीरेंद्र सिंह 2023 के विधानसभा चुनाव में राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी थे, लेकिन जयवर्धन सिंह से 4,500 वोटों से हार गए थे। भाजपा में शामिल होने से पहले वे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समर्थक माने जाते थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनकी सदस्यता दिलाने के लिए राघौगढ़ दौरा भी किया था।

## पेंशन शिविर का आयोजन 16 एवं 17 अक्टूबर को

**गुना।** पेंशन कार्यालय द्वारा जिन प्रकरणों पर आपत्ति दर्ज की गई है, उन्हें नियमानुसार पूर्ति उपरांत निराकरण के लिये समय पर प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है, तथा सेवानिवृत्ति के 06 माह पूर्व प्रकरण निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने का प्रावधान है। जिला पेंशन कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारी/ कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण त्वरित निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार एवं शुक्रवार को पेंशन शिविर का आयोजन किया जाता हैं।

इस बार यह शिविर दिनांक 16 एवं 17 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया जायेगा।

## ग्राम गाजीपुर के शासकीय स्कूल पर अतिक्रमण कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की




**गुना।** ग्राम गाजीपुर निवासी देवेंद्र सिंह यादव ने 19 अक्टूबर 25 को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिकायत देकर बताया कि ग्राम की शासकीय प्राथमिक विद्यालय की अतिरिक्त कक्ष भवन पर देविन्द्र धाकड़ पुत्र भोला राम धाकड़ ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। शिकायत के अनुसार अतिक्रमण के कारण विद्यालय की कक्षाओं में बच्चों का बैठना प्रभावित हो रहा है और कई छात्र पढ़ाई के लिए स्कूल नहीं आ पा रहे हैं। देवेंद्र ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा कई बार चेतावनी देने के बाद भी देविन्द्र ने कब्जा नहीं हटाया और धमकियाँ दी हैं। यदि किसी ने शिकायत की तो वह झूठे मुकदमों में फंसाने व जान से मारने की भी नियत रखता है।

प्रार्थी ने मांग की कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल भवन से अवैध कब्जा तुरन्त हटवाया जाए और आरोपित के खिलाफ सख्त प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

## मातापुरा आंगनवाड़ी में बालिका सप्ताह के तहत पोषण माह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं में जागरुकता बढ़ाने पर जोर




नवभारत न्यूज

**गुना। आंगनवाड़ी केंद्र मातापूरा (गुना शहरी) में 13 से 17 अक्टूबर 25 तक पोषण माह के अवसर पर बालिका सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समुदाय में जागरूकता फैलाना है।**

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचके शर्मा, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास भोपाल उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पौष्टिक आहार, संतुलित भोजन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों, विशेषकर बालिकाओं का समग्र विकास पौष्टिक आहार पर निर्भर करता है और हर परिवार को इस दिशा में सजग रहना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला पोषण अधिकारी अब्दुल गफ्फार खान, एडी दिनेश चंदेल, सीडीपीओ प्रदीप नारायण मिश्रा (गुना शहरी) और पर्यवेक्षक अरुणा पांडेय, रचना शर्मा, प्रियंका पचोरिया एवं आशा धाकड़ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं द्वारा व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय अनाज, दालें, हरी सब्जियां और टीएचआर से बने पौष्टिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की। वोकल फॉर लोकल विषय के तहत महिलाओं को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता के महत्व पर भी जागरूक किया गया। इसके अलावा, जन्म से तीन माह तक की बालिकाओं को बेबी किट वितरित किए गए, जिससे माताओं को नवजात की देखभाल में सहूलियत मिली। मंगल दिवस के अवसर पर सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती माताओं को पोषण संबंधी जानकारी और आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ प्रदीप नारायण मिश्रा (गुना शहरी) ने किया।

## राजस्थान से दस्तयाब हुई बमोरी से अपहृत नाबालिग

**गुना।** जिले के बमौरी थाना क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग बालिका को राजस्थान के बारां जिले से पुलिस ने दस्तयाव कर परिजनों से मिलाया है। 6 अक्टूबर 25 को एक मां की ओर से अपनी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी के 3 अक्टूबर 25 से घर से बिना बताए कहीं चले जाने की जिले के बमौरी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से बमौरी थाने में अप.क्र. 230/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने अपहृत बालिका की तलाश शुरू की एवं इसमें विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई साथ ही अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। जिससे संकलित जानकारी के आधार पर अपहृता की तलाश में पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी मिलाकर संभावित सभी जगहों पर किशोरी को खोजने के सघन प्रयास किए।अपहृता के राजस्थान के बारां जिले के शाहबाद में होने की जानकारी मिलने पर बमौरी थाने से पुलिस की एक टीम शाहबाद पहुंची और जहां से अपहृत बालिका को दस्तयाब कर थाने लेकर आए।

## भैंसें चोरी करने वाले तीन और फरार आरोपी धरनावदा पुलिस ने पकड़े



नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले की धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम बनेह से भैंसें चोरी के मामले में फरार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनसुार 27-28 सितंबर 25 की रात बिसोनिया गस्त पॉइन्ट पर पुलिस फोर्स द्वारा एक छोटा हाथी क्रमांक एमपी 08-4401 में एक भैंस व दो पडिया सहित एक व्यक्ति को संदेह के आधार केंट थाने लाया गया था।इसके बाद 28 सितंबर की सुबह फरियादी रामधन धाकड़ निवासी ग्राम बनेह थाना धरनावदा के द्वारा 27-28 सितंबर 25 की रात्रि में अपनी एक भैंस व दो पडियां के चोरी होने की झागर चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर से धरनावदा थाने में अज्ञात आरोपी के अप.क्र. 229/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया था एवं जांच उपरांत प्रकरण में कैंट थाने से चोरी हुई भैंस व पडियां सहित छोटा हाथी जप्त कर आरोपी रविन्द्र शिकारी निवासी गोकुल सिंह का चक गुना को गिरफ्तार किया गया था। जिसने पूछताछ पर अपने तीन साथियों तीरथ यादव, पप्पू यादव व चंद्रभान यादव निवासीगण ग्राम मिर्जापुर के साथ मिलकर बनेह गांव से भैंसे चोरी करना बताया था। पुलिस द्वारा प्रकरण में तीनों आरोपियों को भी नामजद कर जिनकी तलाश शुरु की।

इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों की तलाश में सघन दबिशें दी गई । जिसके परिणाम स्वरुप मंगलवार को मुखबिर सूचना पर पुलिस द्वारा तत्पर और प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में फरार तीनों आरोपी तीरथ पुत्र महाराज सिंह यादव, पप्पू पुत्र भगवत सिंह यादव एवं चंद्रभान पुत्र लालाराम यादव निवासीगण ग्राम मिर्जापुर थाना बजरंगगढ जिला गुना को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे के नेतृत्व में झागर चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौड, प्रधान आरक्षक जोगेश शर्मा, आरक्षक राघवेन्द्र बुंदेला, आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक रविन्द्र सोलंकी एवं सैनिक सुखलाल नायक की विशेष भूमिका रही है।

## हत्या के मामले में आरोपी को चांचौड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुना।** जिले की चांचौडा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 सितंबर 25 को जिले के चांचौडा थाना पुलिस को फरियादी पप्पूलाल पुत्र रघुनाथ भिलाला निवासी ग्राम जोगीपुरा थाना चांचौडा ने रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 22 सितंबर को ग्राम नेसखुर्द के हार में उसकी हरिसिंह गुर्जर निवासी ग्राम नेसखुर्द से खेत में गाय घुसने पर से विवाद हुआ। जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी हरिसिंह गुर्जर के विरुद्ध चांचौडा थाने में अप.क्र. 358/25 धारा 296, 115(2) बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।तत्पश्चात उपचार हेतु फरियादी को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान 25 सितंबर को फरियादी पप्पूलाल भिलाला की मृत्यु हो गई जिस पर से प्रकरण में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया ।उपरोक्त प्रकरण में चांचौडा थाना पुलिस द्वारा सक्रियता पूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोपी हरिसिंह गुर्जर की निरंतर तलाश की गई। जिसकी तलाश के क्रम में बीती शाम मुखबिर सूचना पर आरोपी हरिसिंह पुत्र स्व. गुलाब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम नेसखुर्द थाना चांचौडा जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिसे आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। पुलिस की उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज मेहरा, उपनिरीक्षक अमित राजावत, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी एवं आरक्षक सत्येन्द्र लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**आयोजन** — शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना की छात्राओं ने किया कार्यक्रम

# मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**गुना।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ हुई।



कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रीति यादव ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में मानसिक तनाव एक सामान्य चुनौती बन गई है, जिसे समझना और उस पर खुलकर चर्चा करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने योग, ध्यान और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। डॉ. दिवाकर तिवारी ने अत्यधिक सोच को मस्तिष्क के लिए घातक बताया और आत्ममूल्यांकन कर कमियों को दूर करने का आग्रह किया। श्रीमती सोनू सिसोदिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, इसलिए शरीर और वातावरण दोनों को स्वच्छ रखना चाहिए। डॉ. पूनम पारीक ने मस्तिष्क को शांत और सुदृढ़ रखने के उपाय बताए, जबकि सुश्री कीर्ति सोनी ने मनोविकारों पर नियंत्रण और सकारात्मक लोगों के साथ रहने की सलाह दी। प्रशांत आर्य ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की पृष्ठभूमि और मानसिक दबाव से निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. विनीता जैन ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है। उन्होंने डिप्रेशन से निपटने में संयुक्त परिवार की भूमिका और आत्मविश्वास, करुणा व संवाद की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पूनम पारीक ने दिया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। यह आयोजन छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से टोलकर्मी घायल, इलाज के लिए भोपाल रैफर

**गुना।** धरनावदा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पगारा टोल प्लाजा का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शैलेष कुमार गौतम पुत्र नागेन्द्र कुमार (40) निवासी सरबहदा, थाना कोच, जिला गया बिहार ने बताया कि वह पगारा टोल पर शिफ्ट इंचार्ज के रूप में कार्यरत है। गत सुबह करीब 10.40 बजे लेन नंबर 6 पर टोलकर्मी संजू यादव पुत्र बाबू सिंह यादव (36) निवासी ग्राम रामनगर, राघौगढ़, ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को चाय पिलाने जा रहा था। उसी दौरान ट्रक क्रमांक एचआर 38-5126 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए संजू को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से संजू यादव की छाती, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सहकर्मियों ने तत्काल टोल वाहन से उसे इलाज के लिए गुना अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया। घटना के समय ड्यूटी पर कैंटीन कर्मचारी दिनेश यादव सहित अन्य टोल कर्मचारी मौजूद थे।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 .0 का शुभारंभ, युवाओं में जागरुकता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम




**गुना। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिवर द्वारा की गई। इसका उद्देश्य युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में जनसहभागिता को सशक्त बनाना है।**

इसी क्रम में मंगलवार को जिला चिकित्सालय गुना में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में अस्पताल के समस्त चिकित्सकीय अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को तंबाकू मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर सभी ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने और जनजागरूकता फैलाने का प्रण लिया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर 25 तक, कुल 60 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) और प्रिवेलेन्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक क्राइम अधिनियम 2019 (पिका) के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और ग्राम पंचायत भवनों को तंबाकू मुक्त घोषित करने की कार्यवाही भी की जाएगी।